1995-96 के दौरान 25 लाख मीटरी टन तक गेहूं का निर्यात/निर्यात के प्रयोजनों के लिए बिक्री करने के लिए प्राधिकृत किया है।

सुपर बाजार में लेखा-परीक्षा

2126. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों के बावजूद भी गत पांच वर्षों के दौरान सुपर बाजार में कोई सरकारी लेखा-परीक्षा नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है और क्या उक्त अवधि में सुपर बाजार द्वारा आंतरिक लेखा-परीक्षा भी नहीं की गई है;

(ग) क्या सुपर बाजार के महाप्रबंधक द्वारा बड़े पैमाने पर मनमानी रवैया अपनाया गया है;

(घ) क्या सरकार सुपर बाजार में लेखा-परीक्षा कराए जाने के लिए कड़े निर्देश जारी करने का विचार रखती है; और

(ड़) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग) में राज्य मंत्री (श्री विनोद शर्मा): (क) जी, नहीं। दिल्ली के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक प्रत्येक वर्ष सुपर बाजार की लेखा परीक्षा करते हैं। सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान सुपर बाजार की किसी अन्य किस्म की लेखा-परीक्षा के लिए निर्देश जारी नहीं किए हैं।

(ख) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि सांविधिक लेखा परीक्षाओं द्वारा की जाने वाली लेखा परीक्षा के अतिरिक्त, सुपर-बाजार की प्रबंध समिति अपने निर्देशों के अनुसार लेखा-परीक्षा हेतु आंतरिक लेखा परीक्षकों की भी नियुक्ति करती है। गत पांच वर्षों के दौरान आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा सुपर बाजार की लेखा परीक्षा की गई है।

(ग) और (घ) जी, नहीं।

(ड़) सांविधिक लेखा परीक्षा तथा आंतरिक लेखा परीक्षा हेतु वर्तमान प्रबंधों को पर्याप्त समझा जाता है।

Adequate Stock of Wheat and Sugar

2127. SHRI RAMDAS AGARWAL:
SHRI SATISH AGARWAL:

Will the Minister of FOOD be pleased to state:

(a) whether the full quota of wheat/rice has been supplied to State Governments for distribution particularly in Rajasthan through the fair price shops since September, 1995 till date indicating whether such quota of items was "imported" or "indigenous"; and

(b) what quantity of sugar/wheat exported/imported during 1994-95 till date details thereof, and stock of sugar/wheat at present available in the country as on 30th November, 1995?

THE MINISTER OF FOOD (SHRI AJIT SINGH) (a) The quantities of wheat and rice allocated under Public distribution System (PDS) during the months from September, 1995 to December, 1995 to all States/Union Territories and the quantities lifted by them are as follows:

(In thousand tonnes)

	Allocation (P)		Lifting (P)	
	Rice	Wheat	Rice	Wheat
September, 1995	1207.82	933.13	712.6	426.0
October, 1995	1253.87	982.03	769.0	415.7
November, 1995	1299.53	973.77	NA	NA
December, 1995	1197.97	973.47	NA	NA

NA—Not available (P—Provisonal)